20.10.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सिविल सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है ताकि वे बढ़ते मानकों को पूरा कर सकें। कल नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी इसमें मददगार साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ऐसे मानव संसाधन तैयार करना है जो देश के विकास की प्रेरक शक्ति बनेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान नई सीख और अनुभव, कार्य प्रणालियों को बेहतर बनाने में ताकत और मदद प्रदान करेंगे। इससे 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में की गई थी। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई थी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, मंगलवार को नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, जल प्रयोक्ता संघ और सिविल सोसाइटी की श्रेणियां शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओडिशा ने पहला स्थान हासिल किया है। प्रत्येक विजेता को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ–साथ नकद पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार, जल प्रबंधन और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक अभियान चला रही है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए देशभर से ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को चुना जाता है जो सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य और प्रयास कर रहे हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने धौलपुर के बाड़ी कस्बे में हुए सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। राज्यपाल ने हादसे में घायल लागों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। गौरतलब है कि बाड़ी कस्बे में कल रात एक सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। और तीन लोग घायल हो गये। बाड़ी कस्बे के गुम्मत निवासी ये लोग सरमथुरा के बरौली गांव से शादी समारोह मे शामिल होकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

000

प्रदेश में 13 नवम्बर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सात में से छह सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये है। भाजपा ने दौसा सीट से विधायक किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। सलूंबर सीट पर दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी मीना को उम्मीदवार घोषित किया है। झुंझुनूं सीट से राजेंद्र भांबू, देवली–उनियारा से राजेंद्र गुर्जर, खींवसर से रेवंत राम डांगा, रामगढ़ से सुखवंत सिंह को टिकट दिया गया है। चौरासी सीट पर भाजपा ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। इधर कांग्रेस की ओर से अभी तक किसी भी सीट के लिए प्रत्याशी की घोषणा नही हुई है। पार्टी इस पर मंथन कर रही है। इस बीच विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है।

000

अखण्ड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुहागन महिलाएं, सुख समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ चौथ माता की पूजा अर्चना कर रही है। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा हैं। शाम को चन्द्रमा को अर्घ्य देने के साथ महिलाएं अपना व्रत खोलेंगी। इस अवसर पर महिलाएं हाथों में मेहंदी लगाकर विशेष साज–श्रृगांर कर रही है। विभिन्न चौथ माता मंदिरों में श्रृद्धालुओं माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे है।

000

प्रदेश में सुबह शाम हल्की सर्दी का असर देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। दिन का सर्वाधिक तापमान जैसलमेर में 39 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं रात में सब से कम 18 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर में रिकॉर्ड हुआ।

000